AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

यूजीसी नेट में लविवि के 200 से अधिक छात्र सफल

कामयाब विद्यार्थियों में से 60 जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए चयनित

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें से 60 विद्यार्थी जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए चयनित हुए हैं।

नेशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) ने 13 से 22 जून के बीच नेट परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रों पर करवाई थी। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय की भाविनी गुप्ता ने परीक्षा में 228 अंक प्राप्त किए हैं। अमन उल्लाह सिद्दीकी को 99.87 परसेंटाइल मिले हैं।

लविवि विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के 35, शिक्षा शास्त्र विभाग के 43 एप्लायड इकोनॉमिक्स के आठ, एआईएच के छह, लोक प्रशासन के तीन, पब्लिक पॉलिसी के दो, राजनीति शास्त्र के 21, राजनीति विज्ञान के 21, पुस्तकालय विज्ञान के सात, अंग्रेजी के नौ, सांख्यिकी के छह, जनसंचार के पांच, सामाजिक कार्य के पांच, पाश्चात्य इतिहास के तीन, विधि के आठ, वाणिज्य के नौ, मनोविज्ञान के पांच, भूगोल के चार, खाद्य प्रौद्योगिकी के

13 से 22 जून के बीच देश के विभिन्न केंद्रों पर करवाई गई थी परीक्षा



एक, हिंदी के चार और अर्थशास्त्र के नौ विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की है।

भाषा विवि के विद्यार्थियों ने भी पाई कामयाबी : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी यूजीसी परीक्षा में कामयाबी पाई है। मीडिया प्रभारी डॉ. रुचिता सुजांय चौधरी ने बताया कि अंग्रेजी विभाग से खालिदा परवीन, व्यवसाय प्रशासन से मो. शानदार अब्बास और गृह विज्ञान विभाग से श्वेता भारती ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पास की। कुलपति एनबी सिंह ने इन्हें बधाई दी।

उधर, महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने बताया कि छात्रा गरिमा शुक्ला ने जेआरएफ, मुस्कान अवस्थी व प्रज्ञा शर्मा ने नेट में सफलता पाई।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू:एमए इतिहास की परीक्षा आठ से

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी के विविध पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम बुधवार को जारी किया। दो अगस्त से पीजी दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसी के अन्तर्गत एमए मिडिवल एण्ड मॉर्डन इंडियन हिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आठ अगस्त से 19 अगस्त तक होगी। चौथे सेमेस्टर न्यू कोर्स और ओल्ड कोर्स नौ अगस्त से 18 अगस्त तक होगी। विस्तृत शेडयूल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

एमए कम्पोजिट हिस्ट्री दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 11 अगस्त, एमए पॉलिटिक्स साइंस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 22 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा नौ से 19 अगस्त तक होगी। मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉरमेशन साइंस दितीय सेमेस्टर की नौ से 18 अगस्त, बीबीए ट्रिज्म दूसरे सेमेस्टर की नौ अगस्त से 17 अगस्त तक होगी। एमएससी केमेस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की आठ से 16 अगस्त, चौथे सेमेस्टर 17 से 22 अगस्त, एमएससी फार्मास्टिकल केमेस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की आठ से 16, एमएससी कम्प्यूटर साइंस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 22 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा नौ से 19 अगस्त तक होगी।

बीसीए और एलएलबी की मेरिट सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को बीसीए और एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय और डीफार्मा कोर्स में प्रवेश की मेरिट सूची जारी कर दी है। बीसीए और एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स की मेरिट में शामिल अभ्यर्थियों को 27 जुलाई से 29 जुलाई तक व्हाइस फिलिंग करनी होगी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर जाकर मेरिट सूची देखकर काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा में गायत्री गुप्ता, एलएलबी इंटीग्रेटेड में नवनीश कौर और बीसीए में अरनव देव शर्मा ने पहली रैंक पायी है।

NBT PAGE 6

नेट में छाए एलयू के स्टूडेंट्स, 140 ने किया क्वालिफाई

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के 60 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने नेट जेआरएफ के लिए क्वालिफाई किया। राजनीति विज्ञान से अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87 परसेंटाइल और हिंदी से प्रिया सिंह ने 99.84 परसेंटाइल हासिल किया। वहीं, शिक्षा संकाय से सबसे ज्यादा 43 स्टूडेंट्स ने नेट और जेआरएफ क्लियर किया। एलयू वीसी प्रो आलोक कुमार राय और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी। एलयू प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 60 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने नेट और 140 स्टूडेंट्स ने नेट और जेआरएफ क्वालिफाई किया।

अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87, प्रिया सिंह ने हासिल किए 99.84 परसेंटाइल

लवि : कारगिल दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से एएनओ डॉ. राजनीश कुमार यादव के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने काव्य एवं भाषण प्रतियोगिता हुई. इसमें विभिन्न विभागों के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया. बीए के छात्र प्रमुदित पांडेय को विशिष्ट पुरस्कार एवं उत्कर्ष सिंह, मानस बाजपेयी, गौरव कुमार, यशस्वी भल्ला, चंद्रशेखर, अभिषेक पाठक, अर्पित सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया. विभागाध्यक्ष प्रो. पीयूष भार्गव ने प्रमाण पत्र वितरित किए.

JAGRAN CITY PAGE III

यूजीसी नेट व जेआरएफ में 200 से ज्यादा पास

जासं, लखनऊ : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट, जेआरएफ के परीक्षा परिणाम में कला स्ट्रीम से लखनऊ विश्वविद्यालय के 198 विद्यार्थियों को सफलता मिली है। समाजशास्त्र की छात्रा भाविनी गुप्ता ने 300 में से 228 अंकों का स्कोर हासिल किया। राजनीति विज्ञान के अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87 पर्सेंटाइल और हिंदी से प्रिया सिंह ने 99.84 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। वहीं, महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी कालेज के आठ छात्र-छात्राएं भी उत्तीर्ण हुई हैं।

डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इस बार यूजीसी नेट उत्तीर्ण 60 विद्यार्थियों ने सहायक प्रोफेसर के रूप में अपना स्थान अर्जित किया है। वहीं, 140 छात्रों ने सहायक प्रोफेसर और जेआरएफ योग्यता दोनों के लिए अर्हता हासिल की है. सर्वाधिक शिक्षा विभाग से 43 विद्यार्थी सफल हुए हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं को यूजीसी नेट और जेआरएफ में मिली सफलता ● सौजन्य : विभाग

विश्वविद्यालय नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण विद्यार्थी : समाज शास्त्र 45, शिक्षा विभाग 43, राजनीति विज्ञान 21, व्यावहारिक अर्थशास्त्र आठ, प्राचीन भारतीय इतिहास छह, लोक प्रशासन तीन, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन तीन, पुस्तकालय विज्ञान सात, अंग्रेजी नौ, सांख्यिकी छह, जनसंचार पांच, सामाजिक कार्य पांच, पाश्चात्य इतिहास तीन, विधि आठ, वाणिज्य नौ, मनोविज्ञान पांच, भूगोल चार, खाद्य प्रौद्योगिकी एक, हिंदी चार, अर्थशास्त्र नौ, फिलासफी चार, उर्दू एक, रक्षा अध्ययन दो।

HT PAGE 4

स्टूडेंट्स की टेंशन दूर, एक से बीएएमएस के एग्जाम

LUCKNOW (26 July): लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आखिरकार बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. बीएएमएस पहले, दूसरे, तीसरे व अंतिम प्रोफेशनल की परीक्षाएं एक अगस्त से 22 अगस्त तक होंगी. पिछले कई महीने से स्टूडेंट्स परीक्षाएं न होने को लेकर परेशान थे. बीते दिनों इस कोर्स के विद्यार्थी अपनी समस्या लेकर परीक्षा नियंत्रक के पास पहुंचे थे.

iUPDATE

सत्र लेट हो चुका है

लखनऊ यूनिवर्सिटी के आयुर्वेद संकाय के अंतर्गत बीएएमएस पाठ्यक्रम संचालित है. छात्रों के मुताबिक कोरोना की वजह से पहला ही सत्र छह महीने लेट हो चुका है. मई में परीक्षाएं होनी थीं, लेकिन अभी तक नहीं हुई. उनकी समस्या यह है कि यदि समय से परीक्षाएं होकर परिणाम नहीं आए तो विद्यार्थी आल इंडिया आयुष पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस टेस्ट में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे. इस समस्या को देखते हुए लखनऊ यूनिवर्सिटी ने परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है. परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा. इसका परीक्षा केंद्र लखनऊ यूनिवर्सिटी के पुराने परिसर को बनाया गया है.

पीजी डिप्लोमा के एग्जाम 22 से

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पीजी डिप्लोमा की परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी. पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 से 25 अगस्त, पीजी डिप्लोमा योग दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं अठ से 19 अगस्त तक होंगी. इसके अलावा बीफीड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 से 19 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ से 18 अगस्त, एमए फिलासफी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं चार से 19 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं चार से 12 अगस्त, एमए-एमएससी योग दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 19 अगस्त तक होंगी.

कारगिल दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से एएनओ डॉ. राजनीश कुमार यादव के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने काव्य एवं भाषण प्रतियोगिता हुई. इसमें विभिन्न विभागों के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया. बीए के छात्र प्रमुदित पांडेय को विशिष्ट पुरस्कार एवं उत्कर्ष सिंह, मानस बाजपेयी, गौरव कुमार, यशस्वी भल्ला, चंद्रशेखर, अभिषेक पाठक, अर्पित सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया. विभागाध्यक्ष प्रो. पीयूष भार्गव ने प्रमाण पत्र वितरित किए.

i-NEXT PAGE 4

यूजीसी नेट और जेआरएफ में मारी बाजी

एलयू से 198 और महाराजा बिजली पासी कॉलेज के आठ विद्यार्थियों को मिली सफलता

LUCKNOW (26 July): नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेट, जेआरएफ के परीक्षा परिणाम में कला स्ट्रीम से लखनऊ विश्वविद्यालय के 198 विद्यार्थियों को सफलता मिली है. समाजशास्त्र की छात्रा भाविनी गुप्ता ने 300 में से 228 अंकों का स्कोर हासिल किया. राजनीति विज्ञान के अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87 पर्सेंटाइल और हिंदी से प्रिया सिंह ने 99.84 पर्सेंटाइल प्राप्त किए. वहीं, महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी कालेज के आठ छात्र-छात्राएं भी उत्तीर्ण हुई हैं।

वीसी ने दी बधाई

डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इस बार यूजीसी नेट उत्तीर्ण 60 विद्यार्थियों ने सहायक प्रोफेसर के रूप में अपना स्थान अर्जित किया है. वहीं, 140 छात्रों ने सहायक प्रोफेसर और जेआरएफ योग्यता दोनों के लिए अर्हता हासिल की है. सर्वाधिक शिक्षा विभाग से 43 और समाज शास्त्र से 35 विद्यार्थी सफल हुए हैं. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी.

बिजली पासी में इन्हें मिली सफलता

यूजीसी-नेट, जेआरएफ परीक्षा जून 2023 में महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आठ विद्यार्थी सफल हुए हैं. छात्रा गरिमा शुक्ला ने जेआरएफ, मुस्कान अवस्थी, प्रज्ञा शर्मा, हरिकेश कुमार, धृवी सिंह चौहान, राहुल मिश्रा, रजत पांडेय तथा रविशंकर ने नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की. प्रिंसिपल प्रो. सुमन गुप्ता ने सभी को बधाई दी है.

नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण विद्यार्थी

विषय	सफल स्टूडेंट्स
समाजशास्त्र	35
शिक्षा	43
राजनीति विज्ञान	21
व्यावहारिक अर्थशास्त्र	8
प्राचीन भारतीय इतिहास	6
लोक प्रशासन	3
पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन	3
पुस्तकालय विज्ञान	7
अंग्रेजी	9
सांख्यिकी	6
जनसंचार	5
सामाजिक कार्य	5
पाश्चात्य इतिहास	3
विधि	8
वाणिज्य	9
मनोविज्ञान	5
भूगोल	4
खाद्य प्रौद्योगिकी	1
हिंदी	4
अर्थशास्त्र	9
फिलासफी	4
उर्दू	1

12वीं के अंक अपलोड करने का मिला मौका

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स को दिया मौका

LUCKNOW (26 July): लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन कर चुके तमाम ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने अभी तक 12वीं के अंक अपलोड नहीं किए हैं. अब ऐसे अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय ने एक और मौका दिया है. अभ्यर्थियों को लाग इन आईडी पासवर्ड के माध्यम से 29 जुलाई तक 12वीं के अंक अपलोड करने होंगे. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बुधवार को वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन जारी किया है.

प्रैक्टिकल 7 और 8 को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी बाटनी दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा की संशोधित तिथि बुधवार को जारी की. अब यह परीक्षा सात व आठ अगस्त को होगी. लखनऊ विश्वविद्यालय में सात अगस्त को यूजीसी ध्येतावृत्ति समिति की बैठक सात अगस्त को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में दोपहर एक बजे से होगी. सभी सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग करने एवं 31 जुलाई तक प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है. कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किया है.

HT PAGE 4

{ UGC NET }

Over 200 Lucknow varsity students clear rigorous evaluation

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

LUCKNOW: Over 200 students from the University of Lucknow have successfully qualified for the University Grants Commission-National Eligibility Test (UGC NET) June 2023, the result of which was announced on Tuesday.

The university claimed that more than 60 students have earned positions as assistant professors, while another 140 students have achieved the dual distinction of both assistant professor and junior research fellow qualifications.

The UGC-NET JRF, known for its rigorous evaluation, offers coveted fellowships for doctoral research in universities and research institutions. It also serves as a crucial milestone for aspiring assistant professors, unlocking diverse career opportunities.

"Over 200 students have successfully qualified for this prestigious examination, solidifying their place among the nation's brightest minds," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

The number of students who cleared the NET in various disciplines are as: sociology: 35, education: 41, applied economics: 8, ancient indian history: 6 public administration: 3, public policy: 2 political science: 21, library science: 7, English: 9, statistics: 6, mass communication: 5 social work: 5, western history: 3 law: 8, commerce: 9, psychology: 5, geography: 4, food technology: 1, Hindi: 4 and economics: 9

Bhavini Gupta from social work, notched up an impressive score of 228/300, Aman Ullah Siddiqui from political science achieved a remarkable percentile of 99.87, and Priya Singh from Hindi with an exceptional percentile of 99.84. These students exemplify dedication and brilliance in their pursuit of knowledge.

Professor Alok Kumar Rai, vice-chancellor of the University of Lucknow, and Professor Poonam Tandon, dean, student welfare, extend heartfelt congratulations to the successful students, along with teachers and parents, for their invaluable support and guidance throughout their academic journey.

The University of Lucknow remains committed to nurturing future generations of exceptional scholars and contributing to the advancement of education and research on both national and global platforms, said university spokesperson, Durgesh Srivastava.

Bhavini Gupta SOURCED

Aman Ullah Siddiqui SOURCED

नौ विषयों में पीजी सम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को पीजी के नौ और विषयों में सम सेमेस्टर परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया। इन्हें दो विषयों में पूर्व में जारी समय सारिणी में संशोधन भी किया गया है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं।

एमएससी कंप्यूटर साइंस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ अगस्त से, एमएससी केमिस्ट्री और एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 अगस्त से, एमएससी बायो केमिस्ट्री चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 अगस्त से होंगी। वहीं, एमए पॉलिटिक्स दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से, बीबीए ट्रिज्म चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ, बीबीए ट्रेजिम दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ, एमए इकोनामिक्स दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ अगस्त से शुरू होंगी। इसके अलावा एमए पॉलिटिकल साइंस सीबीसीएस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ अगस्त से, एमए एमआइएच सीबीसीएस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 19 अगस्त व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ से 18 अगस्त तक संचालित की जाएंगी।

इनका संशोधित कार्यक्रम जारी : एमए इकोनामिक्स दूसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं दो अगस्त और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ अगस्त से होंगी। इसके अलावा कोर्स चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ अगस्त से होंगी। बीएलआइएससी दूसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) की परीक्षाएं अब तीन से 22 अगस्त तक होंगी।

कामर्स विभाग के प्रोफेसर के पेटेंट को मंजूरी

जासं, लखनऊ : लवि के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सोमेश कुमार शुक्ल एवं उनके सहयोगियों डा. अमित मिश्र, डा. सौमित्र शुक्ल एवं दिनेश चंद्र को ओर से तैयार किए गए फर्मल आइडेंटिफिकेशन एंड क्रेडिट स्कोर यूजिंग (पीआइएसएस) सिस्टम को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने मंजूरी दे दी। बीती 21 जुलाई को शासकीय जर्नल में इसका प्रकाशन भी हो गया है।

प्रो सोमेश शुक्ला ने बताया कि हाइब्रिड सिस्टम फर्मल आइडेंटिफिकेशन एंड क्रेडिट स्कोर एक तरह से यूजिंग मशीन लार्निंग है। इस पेटेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके मशीन लार्निंग के माध्यम से व्यक्तिगत एवं संस्थानों का क्रेडिट स्कोर पॉलिसिबिलटी का सटीक आकलन किया जा सकता है। इसमें अल्टरनेट डाटा (सैकीमेट्रिक डाटा, सोसल डाटा, फइनेंसियल डाटा) का प्रयोग किया जाता है, जिसके कारण यह सिस्टम उपेक्षित एवं सटिक स्कोर की गणना करने में सक्षम है।

TOI PAGE 3

200 students from LU crack UGC-NET

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Around 200 Lucknow University students have cleared the University Grants Commission's National Eligibility Test (UGC NET) the results of which were declared recently. The education department has the highest number of 41 students clearing the NET.

Amongst high scorers are Aman Ullah Siddiqui from the political science department, who bagged an impressive 99.87 percentile and Priya Singh from the Hindi department, who scored 99.84 percentile.

NET is conducted for determining eligibility for the post of assistant professor or the junior research fellowship in universities and colleges.

Over 60 LU students have become eligible for applying to the post of assistant professors, while 140



have achieved the dual distinction of being eligible for both the assistant professor's post and the JRF.

"The UGC-NET JRF, renowned for its rigorous evaluation, offers coveted fellowships for doctoral research in esteemed universities and research institutions. It also serves as a crucial milestone for aspiring assistant professors, unlocking diverse career opportunities in universities and colleges. We are proud of our students who have qualified for the examination," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

एलयू के 215 छात्र-छात्राएं नेट जेआरएफ में सफल

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के 215 छात्र-छात्राओं को यूजीसी-नेट जेआरएफ में सफलता मिली है।

विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के 35, शिक्षा से 41, व्यावहारिक अर्थशास्त्र से आठ, प्राचीन भारतीय इतिहास से छह, लोक प्रशासन से तीन, सार्वजनिक नीति से दो, राजनीति विज्ञान से 21, पुस्तकालय विज्ञान से सात, अंग्रेजी से नौ, सांख्यिकी से छह, जनसंचार से पांच, सामाजिक कार्य में पांच, पाश्चात्य इतिहास से तीन, विधि से आठ, वाणिज्य से नौ, मनोविज्ञान से पांच, भूगोल से चार, खाद्य प्रौद्योगिकी

भाविनी गुप्ता

अमान उल्लाह

से एक, हिन्दी से चार और अर्थशास्त्र से नौ छात्र-छात्राओं को सफलता मिली है। वहीं राजनीति विज्ञान से अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87 के उल्लेखनीय प्रतिशत के साथ, और हिंदी से प्रिया सिंह ने 99.84 के असाधारण प्रतिशत के साथ हासिल किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई दी है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

यूजीसी-नेट, जेआरएफ परीक्षा में लविवि के 200 छात्र सफल

लखनऊ (एसएनबी)। यूजीसी-नेट जेआरएफ परिणामों में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को सफलता मिली है। 60 से अधिक छात्रों ने सहायक प्रोफेसर के रूप में अपना स्थान अर्जित किया है, जबकि 140 छात्रों ने सहायक प्रोफेसर और जेआरएफ योग्यता दोनों के लिए अहर्ता हासिल की है। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने दावा किया है कि समाजशास्त्र- 35, शिक्षा शास्त्र 41, व्यवहारिक अर्थशास्त्र 8, प्राचीन भारतीय इतिहास- 6, लोक प्रशासन- 3, सार्वजनिक नीति 2, राजनीति विज्ञान- 21, पुस्तकालय विज्ञान -7, अंग्रेजी- 9, सांख्यिकी: 6, जनसंचार 5, सामाजिक कार्य- 5, पाश्चात्य इतिहासः 3, विधिः 8, वाणिज्य- 9, मनोविज्ञान: 5, भूगोलः 4, खाद्य प्रौद्योगिकी- 1, हिंदीः 4, अर्थशास्त्र- 9 छात्रों को सफलता मिली है ● जिसमें सामाजिक कार्य से भाविनी गुप्ता, जिन्होंने 228/300 का प्रभावशाली स्कोर हासिल किया, राजनीति विज्ञान से अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87 के उल्लेखनीय प्रतिशत के साथ, और हिंदी से प्रिया सिंह ने 99.84 के असाधारण प्रतिशत के साथ हासिल किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई दी है।

VoL PAGE 6

नेट परीक्षा में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

यूजीसी-नेट जेआरएफ परीक्षा में लविवि के विभिन्न विभागों से करीब दो सौ अधिक विद्यार्थी सफल

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। यूजीसी-नेट जेआरएफ के घोषित परिणाम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय से छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी बुद्धि कौशल का लोहा मनवाया। उन्होंने देश के अत्यंत प्रतिभाशाली छात्रों के बीच अपनी जगह बनायी है।

इस परिणाम में 60 से अधिक छात्रों ने सहायक प्रोफेसर के रूप में अपना स्थान अर्जित किया है, जबकि प्रभावशाली 140 छात्रों ने सहायक प्रोफेसर और जेआरएफ योग्यता दोनों के लिए अहर्ता हासिल की है। इन उत्कृष्ट उपलब्धियों ने अकादमिक क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचा कर दिया है। नेट उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में समाजशास्त्र से 45, शिक्षा से 41, बिजनेस एडमिस्ट्रेशन में चार, व्यवहारिक अर्थशास्त्र से आठ, प्राचीन भारतीय इतिहास से छह, लोक प्रशासन से तीन, सार्वजनिक नीति से दो, राजनीति विज्ञान से 21, पुस्तकालय विज्ञान से सात, अंग्रेजी से नौ, सांख्यिकी से छह, जनसंचार से पांच, सामाजिक कार्य से पांच, पाश्चात्य इतिहास से तीन, विधि से आठ, वाणिज्य से नौ, मनोविज्ञान से पांच, भूगोल से चार, खाद्य प्रौद्योगिकी से दो और अर्थशास्त्र में 9 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। फिलहाल जेआरएफ योग्यता जगह बनाने वाले विभिन्न विभागों से 61 और नेट पास करने वाले 153 छात्र-छात्राएं हैं। विश्वविद्यालय के

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय से 215 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इसमें सामाजिक कार्य से भाविनी गुप्ता, जिन्होंने 228/300 का प्रभावशाली स्कोर हासिल किया, राजनीति विज्ञान से अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87 के उल्लेखनीय प्रतिशत के साथ, और हिंदी से प्रिया सिंह ने 99.84 के असाधारण प्रतिशत के साथ हासिल किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई दी है। इसमें सामाजिक कार्य से भाविनी गुप्ता, जिन्होंने 228/300 का प्रभावशाली स्कोर हासिल किया, राजनीति विज्ञान से अमान उल्लाह सिद्दीकी ने 99.87 के उल्लेखनीय प्रतिशत के साथ, और हिंदी से प्रिया सिंह ने 99.84 के असाधारण प्रतिशत के साथ हासिल किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई दी है।

भाषा विवि के दो विद्यार्थी हुए सफल

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूजीसी की एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) पास की है। भाषा विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रुचिता सुजांय चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से खालिदा परवीन, व्यवसाय प्रशासन के मो. शानदार अब्बास और गृह विज्ञान विभाग से श्वेता भारती ने यूजीसी की एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। विवि के कुलपति प्रो. एनबीसिंह ने उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों के भविष्य के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि सभी विद्यार्थियों को इन उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों से सीखने की आवश्यकता है।

LOKSATYA PAGE 3

एलयू में एनसीसी कैडेट्स ने बताई कारगिल शहीदों की शौर्यगाथा

लखनऊ, लोकसत्य

64 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से एएनओ डॉ राजनीश कुमार यादव के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस आयोजित हुआ। एनसीसी बटालियन की भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्टी केंद्रेता ने चार लिया। प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य था कि युवाओं में वीरता और बलिदान के प्रति नहीं संवेदनशीलता विकसित हो और कारगिल युद्ध के शहीदों के त्याग और शौर्य के बारे में बताया जाए।

भाषण प्रतियोगिता में केंद्रेता ने जीत से पांच शब्दों में कारगिल युद्ध की शौर्य गाथा की और पोस्टर प्रतियोगिता में तीन बच्चों को वीरता के दृश्यों को चित्रित किया। प्रतियोगियों ने वाराणुसी और बलिदान की कहानियों को साझा कर लोगों के दिलों में उत्साह का संचार किया। बटालियन के एएनओ डॉ राजनीश कुमार यादव ने प्रतियोगियों का धन्यवाद किया और उत्साह भरे कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई।

64 UP BATTALION
UN